स्वागत प्रार्थना 2020

दिनांक 03/10/2020 को सेंट मोंट फोर्ट विशाल प्रार्थना स्थल पर नॉन क्लास टीचर्स के द्वारा स्वागत प्रार्थना का आयोजन किया गया। जिसमें दया, प्रेम , अनुशासन , साहस , विश्वास आदि विषयों पर एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के द्वारा मोबाइल के अधिक प्रयोग पिज्जा बर्गर खाने, हेलमेंट का प्रयोग न करने पर नुकसान के विषयों पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक–शिक्षिकाओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। सुंदर नृत्य के द्वारा नये वर्ष का स्वागत तथा विद्यार्थियों का वेलकम किया गया। प्राचार्य महोदय ने आगामी परीक्षाओं पर ध्याान देने तथा गहन अध्ययन का सुझाव दिया।

कार्यक्रम के अंत मे नगर निगम कमिश्नर श्रीमान अजय जी एवं उनकी टीम ने स्वच्छता अभियान में सहयोग हेतु शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की। कमिश्नर महोदय ने विद्यार्थियों और उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। और बृजेश शर्मा साइकिलिष्ट का परिचय कराया गया।

जो 11 सितम्बर को गुजरात से साइकिल पर सवार होकर विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए म. प्र. भोपाल के सेंट मोंटफोर्ट स्कूल में पधारे और आकर स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में सभी छात्रों ने प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। इस प्रकार राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ।